हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 17 मार्च 2026

06 जिले के 314 निजी स्कूलों में मिलेगा 1697 बच्चों को ...



07 टीईटी गोबैक का लगाया विविध कर्मचारी...






### ई-केवाईवीसी न होने के कारण कई ग्राहक परेशान, आपूर्ति सुधारने में जुटे

# कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी से बाजार में भट्टी पर खाना बनाने का दौर लौट आया

जिले में छोटे व बड़े भोजनालय अब लकड़ी की भट्टियों पर खाना बनाने को मजबूर हैं। वहीं, घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य हो गई है, लेकिन ई-केवाईवीसी रोड़ा बनी है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ईरान-इजराईल और अमेरिका युद्ध के कारण एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर मारामारी का दौर लगभग खत्म हो गया है, लेकिन कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से पुराने दौर की याद ताजा हो गई है। बाजार में स्थित भोजनालयों पर भट्टी का चलन लौट आया है। दुकानदार सिलेंडर नहीं मिलने से लकड़ी की भट्टीयों पर खाना बना रहे है। वहीं गैस एजेंसियों ने भी ग्राहकों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। इधर कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी को लेकर हायतौबा मची हुई है। गैस की आपूर्ति प्रभावि होने से छोटे व बड़े दुकानदार की रोजी रोटी पर संकट आ गया है। ऐसे में कई दुकानदार कोयले व लकड़ी की भट्टी पर खाना बनाना शुरू कर दिया गया है। मुख्य बाजार स्थित शर्मा भोजनालय और अग्रवाल होटल में चाय-नाश्ते लेकर खाना लकड़ी की भट्टी पर बनाया जा रहा है।

#### भोजनालयों में लकड़ी की भट्टियों पर खाना बनाना शुरू

मुख्य बाजार स्थित शर्मा भोजनालय और अग्रवाल होटल में चाय-नाश्ते और भोजन अब कोयले और लकड़ी की भट्टी पर तैयार किया जा रहा है। दुकानदार सिलेंडर न मिलने के कारण पारंपरिक भट्टी पर खाना बनाने को मजबूर हैं। कोयले और लकड़ियों की इन भट्टी का उपयोग जिले में और अन्य शहरों में किया जा रहा है। शर्मा भोजनालय के संचालक का कहना है कि गैस सिलेंडर नहीं मिलने से विकल्प के तौर पर भट्टी का उपयोग कर रहे है।

#### गैस एजेंसियों ने शुरू की हेल्पलाइन सेवा




ग्राहकों की सुविधा के लिए स्थानीय गैस एजेंसियों ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इसके माध्यम से आपूर्ति संबंधी जानकारी और समस्या निवारण में मदद की जा रही है। गरिमा गैस एंजेसी के संचालक ने बताया कि सिलेंडर तो आसानी से मिल रहे है,लेकिन कई ग्राहकों की ईकेवॉयसी नहीं हुई है। जिसके कारण सिलेंडर बुक नहीं हो रहे है। विदित हो जिले में 16 गैस एंजेसियों में 3 लाख 10 हजार गैस उपभोक्ता हैं। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं की ईकेवॉयसी नहीं हुई है उनकी ईकेवॉयसी भी की जा रही है। वहीं प्रशासन पर लगातार गैस वितरण व्यवस्था पर नजर बनाए हुए है। प्रतिदिन जिले में प्रशासनिक अमला संयुक्त दल बनाकर कालाबाजारी रोकने प्रयासरत है।

#### अनाधिकृत व्यवसायिक गैस सिलेंडर के उपयोग पर सख्त कार्रवाई, 4 सिलेंडर जब्त



शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों के अनाधिकृत उपयोग और भंडारण पर कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों के अनाधिकृत उपयोग एवं भंडारण के विरुद्ध औचक निरीक्षण करते हुए रविवार देर रात संयुक्त कार्रवाई की गई। इस दौरान शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिसमें सुंदरम बेकरी, गोवर्धन बेकरी, राजस्थान मिष्ठान भंडार के कारखानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुंदरम बेकरी में अनाधिकृत रूप से व्यावसायिक उपयोग के लिए भंडारित 4 गैस सिलेंडर पाए गए। टीम द्वारा मौके पर ही उक्त 4 व्यावसायिक सिलेंडरों को जप्त कर लिया गया तथा संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## वन्यजीवों के अवयव रखने के मामले में आरोपियों की जमानत अर्जी निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बागड़ा बफर जोन स्थित एक निजी फोरसिथ रिसोर्ट के डिस्प्ले में संरक्षित वन्यजीवों के अवयव रखने के मामले में दो आरोपियों की जमानत की अर्जी सोहागपुर प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट ने खारिज कर दी है। सोमवार को बचाव पक्ष के वकीलों ने अर्जी के साथ दलीलें प्रस्तुत की थी।

उल्लेखनीय है कि रविवार को आरोपियों फैज अंसारी नेचुरलिस्ट तथा रिसोर्ट मैनेजर निपुन महतो को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तेजदीप सासन के आदेश अनुसार न्यायिक हिरासत में पिपरिया उपजेल भेजा गया था। मामले में सोमवार को दोनों आरोपियों के वकीलों ने उनकी जमानत की अर्जी लगाई और इस अर्जी को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा खारिज किया गया है। एडीपीओ अनीशा खान ने बताया कि सात मार्च को वन विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रिसोर्ट की जांच की गई थी। जहां डिस्प्ले में हिरण, सर्प तथा सेही वन्यजीवों के अवयव रख पाए गए थे। अनीशा खान के अनुसार मामले में वन विभाग द्वारा वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 39, 41 तथा 51 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। रविवार को आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें 25 मार्च 2026 तक की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वहीं बचाव पक्ष के वकीलों द्वारा आरोपियों की जमानत की अर्जी भी प्रस्तुत की गई थी। जिस पर सुनवाई सोमवार को हुई। लेकिन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तेज़दीप सासन ने उक्त अर्जी को खारिज कर दिया है।

## अग्रिम भुगतान व रेलवे पेनल्टी के नाम पर 90 हजार की साइबर ठगी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए पुलिस-प्रशासन जनता को जागरुक कर रहे हैं। लेकिन लोग फ्रॉड के शिकार हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सोहागपुर में हुआ है। जिसमें 90 हजार रुपये का फ्रॉड एक किसान के साथ हुआ है।

यह घटना सरदार वार्ड सोहागपुर निवासी ईश्वर सिंह पटेल के साथ हुई है। पटेल ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज की है। जिसके अनुसार उनकी व परिजनों की भूमि पर बोई गई गेहूं एवं चना फसल कटाई की स्थिति में है। रिपोर्ट अनुसार पीड़ित के मोबाइल पर 10 मार्च को फोनकर पूछा गया कि क्या कटाई के लिये मजदूरों की आवश्यकता है। पटेल ने हां कहा, तो लगभग 19 हजार रुपये की राशि किराया एवं रास्ते का खर्च बताए गए। सामने वाले ने मोबाइल पर राशि देने के लिए कहा तो पटेल ने 19 हजार रुपये मनोज कुमार निवासी भुवनेश्वर उड़ीसा के फोन पे पर डाल दी। 12 मार्च को मनोज कुमार ने फरियादी पटेल को बताया कि आरपीएफ ने ट्रेन में मजदूरों को गैस सिलेंडर लाते समय पकड़ा है। पेनल्टी 50 हजार रुपये लग रही है। पटेल ने सूरज छाबड़िया तथा अमित मंडलोई के फोन से पैसे भेजे तो रेलवे पेनल्टी की रसीद भी भेजी गई। लेकिन उसके बाद मोबाइल बंद हो गए एवं मजदूर भी नहीं आए। इस तरह पटेल के साथ लगभग 90 हजार रुपये का साइबर फ्रॉड हुआ है। पिछले दिनों ही एक और साइबर फ्रॉड आजाद पिता नर्मदा प्रसाद गुर्जर निवासी सैकाखेड़ी के साथ लगभग एक लाख 83 हजार रुपये का हुआ है। जिसमें प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। पुलिस के अनुसार साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल थाने में सूचना के साथ 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

## संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में जलवायु परिवर्तन व विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिला पर्यावरण नियोजन और जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दों पर नर्मदापुरम संभाग में सोमवार को संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बैतूल, हरदा और नर्मदापुरम जिलों के लगभग 50 अधिकारी और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यशाला का उद्देश्य जिला स्तर की पर्यावरणीय योजनाओं में जलवायु परिवर्तन से संबंधित चुनौतियों और उनके प्रभावी समाधानों को समाहित करना था। विशेषज्ञों ने तापमान वृद्धि, अनियमित वर्षा और इसके कृषि, जल संसाधन, पशुधन तथा अन्य क्षेत्रों पर पड़ने वाले प्रभावों पर विस्तृत जानकारी साझा की।

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक अविनाश करेरा और एप्को के विषय विशेषज्ञ रामरतन सिमैया एवं रवि शाह ने प्रतिभागियों को मार्गदर्शन और व्यावहारिक समाधान सुझाए। कार्यशाला की अध्यक्षता संयुक्त आयुक्त नर्मदापुरम नवल मीणा ने की। तकनीकी सहयोग एप्को के परियोजना सहायक सिलिंद गुलसुन्दरे द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी योगेंद्र राय और जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर का विशेष योगदान रहा। कार्यशाला ने जिले में पर्यावरणीय योजनाओं और जलवायु नीति निर्माण में एक नई दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हवा के पैटर्न से गर्मी से राहत दो दिन बाद बारिश की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हवा का पैटर्न बदलने से मौसम में ठंडक आई है जिसके कारण दिन और रात के तापमान में गिरावट आई है। मौसम में परिवर्तन से नर्मदापुरम का तापमान भी प्रदेश में शिखर से टॉप टू में दर्ज हुआ। वहीं आगामी 18-19 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण जिले में बारिश के भी आसार बन रह है। सोमवार को नर्मदापुरम का अधिकतम तापमान 37.7 डिसे दर्ज हुआ जिसमें पिछले 24 घंटों के दौरान 1.2 डिसे की गिरावट आई। हालांकि यह सामान्य से 4.2 डिसे अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 19.4 डिसे दर्ज किया है जिसमें 1.2 डिसे की गिरावट दर्ज की गई। यह भी सामान्य से 1.2 डिसे अधिक है। मार्च महीने के शुरूआती दिनों से मौसम में परिवर्तन के कारण असहनीय गर्मी का अहसास हो रहा था जिस पर थोड़ा सा ब्रेक लगा है। अब बादलों की आमद और हवा के पैटर्न बदलने से दिन में गर्मी से राहत मिलेगी,लेकिन रात के समय तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। मौसम वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव ने बताया कि वर्तमान समय में हवा का रूख बदला हुआ साथ 18-19 को जिले में बारिश आसार बन रहे है।

## पुरानी रंजिश में युवक की बाइक फूंकी परशुराम भवन के सामने हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के न्यास कॉलोनी क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की चलती गाड़ी रोककर उसके साथ अभद्र व्यवहार करने और उसकी मोटरसाइकिल में आग लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। फरियादी रवि राजपूत पिता मेहरबान सिंह राजपूत 52 वर्ष निवासी साईं की बगिया गली नंबर 2 ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 15 मार्च की रात करीब 1 बजे जब वह परशुराम भवन के सामने से गुजर रहा था, तभी आरोपी देवा भाट पिता राजा भाट निवासी टपरिया मोहल्ला तीसरी गली न्यास कालोनी इटारसी ने उसका रास्ता रोका।

आरोपी ने फरियादी के साथ गालियां दी। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने फरियादी की पुरानी मोटरसाइकिल कीमत लगभग 17,000 रुपये में आग लगा दी, जिससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने रात करीब 11:49 बजे औपचारिक प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने आरोपी देवा भाट पिता राजा भाट के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### 17-18 मार्च को निशुल्क शाश्वत चिकित्सा शिविर



**नर्मदापुरम।** रोटरी क्लब नर्मदापुरम रॉयल के तत्वावधान में शहर में 17 एवं 18 मार्च को निशुल्क शाश्वत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर होली चौक स्थित जैन धर्मशाला में आयोजित होगा। चिकित्सक डॉ स्वामी बाबा भक्ति प्रकाश जी शिविर में लखनऊ के ख्यातनाम शाश्वत चिकित्सक द्वारा अथर्ववेद आधारित उपचार पद्धति से विभिन्न बीमारियों का उपचार किया जाएगा। इस शिविर में गर्दन व कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका, माइग्रेन, आर्थराइटिस, गैस तथा लीवर संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों का इलाज किया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष अनुपम दुबे ने बताया कि गुरूजी अथर्ववेद आधारित उपचार पद्धति से लोगों का उपचार करेंगे। उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस शिविर का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बाबाजी को मानद डॉक्टरेट, भारत गौरव अवार्ड, विजनरी लीडर अवार्ड तथा भारतीय प्रतिभा रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। शिविर में मरीजों को प्रतिदिन सुबह 10 से 1 बजे तक तथा शाम 4 से 7 बजे तक देखा जाएगा।

### यातायात नियमों की अनदेखी पर पुलिस सख्त एक दर्जन वाहनों पर जुर्माना लगाया



**इटारसी।** शहर के सिटी थाने के सामने मुख्य मार्ग पर सोमवार दोपहर ट्रैफिक पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने करीब एक दर्जन से अधिक वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 3600 रुपये का नगद जुर्माना वसूला। कार्रवाई के दौरान कई वाहन चालक हेलमेट और जरूरी दस्तावेज पेश नहीं कर सके। चेकिंग शुरू होते ही सिफारिशों का दौर भी चला, लेकिन पुलिस ने नियमों का पालन न करने वालों पर सख्ती जारी रखी। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए यह अभियान आगे भी सतत जारी रहेगा।

### प्रभु श्रीराम की महिमा 19 मार्च से गूंजेगी



**इटारसी।** नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बन चुकी श्रीराम जन्म महोत्सव समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य श्रीराम कथा का आयोजन होने जा रहा है। वर्ष 1963 से निरंतर जारी इस गौरवपूर्ण परंपरा के अंतर्गत, 19 मार्च गुरुवार से 27 मार्च शुक्रवार तक श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर परिसर भक्तिमय रस में डूबा रहेगा। इस वर्ष का आयोजन विशेष होने जा रहा है, क्योंकि श्रद्धालुओं को विश्वविख्यात प्रवचनकर्ता, श्रीमद् प्रयाग पीठाधीश्वर शंकराचार्य पूज्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती जी महाराज के मुखारविंद से रामकथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होगा। श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर, तुलसी चौक परिसर में प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक कथा चलेगी। आयोजन का मुख्य आकर्षण 27 मार्च को रामनवमी के पावन पर्व पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा होगी। दशकों पुरानी इस परंपरा के अनुसार, सायंकाल नगर के प्रमुख मार्गों से प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ लेंगे।

## साइबर फ्राड के प्रति सचेत, सलाह




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जीवन में बचत करना बहुत जरूरी है। बचत की राशि जीवन में आने वाले संकटों के दौरान हमारे और हमारे परिवार के काम आती है। इसके अलावा हमें जीवन में साइबर अपराध करने वालों से भी सावधान रहना चाहिए।

यह संदेश सोमवार को समेरिटंस विद्यालय चक्कर रोड मालाखेड़ी में आयोजित एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया। नुक्कड़ नाटक का आयोजन भारतीय रिजर्व बैंक और बजाज फाइनेंस के सहयोग से किया गया था।

आयोजक टीम के संदीप साहू, संजय शर्मा और प्रमोद त्रिवेदी ने बताया कि वर्तमान समय में हरेक परिवार को वित्तीय नियोजन अवश्य करना चाहिए। साथ की साइबर अपराधों से भी बचने के लिए अपनी निजी जानकारी और ओटीपी कभी भी किसी के साथ शेयर नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रेरणा रावत, प्रभारी अधिकारी राजेंद्र रघुवंशी सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### इंडियन डेंटल एसोसिएशन नर्मदापुरम का वार्षिक समारोह संपन्न

# डॉ. शादाब हसन ने संभाली अध्यक्ष की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



आईडीए की स्थानीय शाखा का वार्षिक समारोह उत्साह और गरिमामय माहौल में आयोजित हुआ, जिसमें पूर्व अध्यक्ष डॉ. कुणाल चौधरी ने अध्यक्ष पद का कार्यभार डॉ. शादाब हसन को सौंपा। कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह ने आयोजन को यादगार बना दिया। आईडीए नर्मदापुरम शाखा का वार्षिक समारोह शहर के जलसा रिज़ॉर्ट में उत्साह और गरिमामय वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन के सदस्यों ने परिवार सहित सहभागिता कर इसे यादगार बना दिया। कार्यक्रम की जानकारी आईडीए नर्मदापुरम की जर्नल एडिटर डॉ. मधुश्री मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान पूर्व अध्यक्ष डॉ. कुणाल चौधरी ने औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद का कार्यभार डॉ. शादाब हसन को सौंपा। इस अवसर पर डॉ. कुणाल चौधरी को मध्य प्रदेश स्तर पर बेस्ट प्रेसिडेंट के सम्मान से भी नवाज़ा गया, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. जेपीएन चतुर्वेदी, डॉ. कुणाल चौधरी और डॉ. शादाब हसन द्वारा विधिवत गणेश पूजन के साथ किया गया। इसके बाद सचिव डॉ. शिवम गौर ने पूरे वर्ष में आईडीए द्वारा किए गए सामाजिक और व्यावसायिक कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आईडीए नर्मदापुरम की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। जिसमें अध्यक्ष डॉ. शादाब हसन, सचिव डॉ. शिवम गौर, प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. सुनील रघुवंशी, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. तमन्ना छाबड़िया, डॉ अखिलेश सिंघल, कोषाध्यक्ष डॉ. नितिश चौधरी, सह-कोषाध्यक्ष डॉ. प्रतीक बाजपेयी, जर्नल एडिटर डॉ. मधुश्री मिश्रा, प्रतिनिधि डेंटल हेल्थ डॉ. सिद्धार्थ और प्रतिनिधि डेंटल एजुकेशन डॉ. दिवाकर मिश्रा को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और भी जीवंत बना दिया। डॉ. याकूता हसन ने रोचक पहेलियों के माध्यम से सभी का मनोरंजन किया। वहीं डॉ. शील अग्रवाल, डॉ. केसी साहू, डॉ. मधुश्री मिश्रा और डॉ. रौनक ने गीत प्रस्तुत कर माहौल को सुरमय बना दिया। डॉ. कुणाल चौधरी ने अपनी कविता से सभी को भावविभोर किया, जबकि डॉ. आदर्श, डॉ. शांतनु और नन्हे सितारों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले डॉक्टरों और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पूरे आयोजन में सौहार्द, सहयोग और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

### 'अरदास सांवरे से' भजन संध्या आज

**इटारसी।** मालवीयगंज क्षेत्र में करने वाला श्याम कराने वाला श्याम आयोजक समिति के तत्वावधान में 'अरदास सांवरे से' भव्य भजन संध्या का आयोजन 17 मार्च, मंगलवार को किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम बाइबिल कॉलेज के पीछे बूढ़ी माता रोड, मालवीयगंज में शाम 7 बजे से प्रभु इच्छा तक आयोजित होगा। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायिका पूजा सिंह शुजालपुर और पूजा पटेल इटारसी के साथ ही भजन गायक देवेंद्र राय एवं तुषार नेहेते अपनी मधुर प्रस्तुतियां देंगे। पारिवारिक उत्सव समिति मालवीयगंज एवं अमन द्विवेदी व मित्र मंडल ने सभी धर्मप्रेमियों से इस भक्तिमय आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### ग्रैंड एवेन्यू कॉलोनी में जीनियस प्लानेट स्कूल का कॅरियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित




**इटारसी।** एलकेजी कॉलोनी में करियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित हुआ। जिसमें कॉलोनी और शहर के तकरीबन 300 विद्यार्थियों ने हिस्सा किया। इस मौके पर इंदौर से उपस्थित डॉ चेतन रायकवार एवं चंचल जैन ने अभिभावक और विद्यार्थियों को जिंदगी संवारने के लिए, आगे की पढ़ाई के लिए और पॉजिटिव सोच के लिए बहुत सारे टिप्स दिए जो कि अभिभावक और विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी रहे। जीनियस प्लानेट स्कूल के द्वारा आयोजित इस सेमिनार में एलकेजी कॉलोनी के डायरेक्टर निपुण गोठी, शिक्षाविद दीपक हरिनारायण अग्रवाल, जीनियस प्लानेट स्कूल के डायरेक्टर मोहम्मद जाफ़र सिद्दीकी, मनीता सिद्दीकी एवं स्कूल प्राचार्य ममता छिकारा मौजूद रही।

**खबर संक्षेप**



## धूमधाम से सम्पन्न हुआ जेरी मेला

**बैतूल।** घोड़ाडोंगरी क्षेत्र के बाकुड़ गांव में आयोजित तीन दिवसीय जेरी मेला प्रतियोगिता का शुभारंभ 13 मार्च 2026 से 15 मार्च 2026 तक आदिवासी पारंपरिक संस्कृति एवं रीति-रिवाजों के अनुसार ग्वाल देव बाबा की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। प्रथम दिन ग्वाल देव बाबा स्थल से शोभायात्रा निकाली गई, जो मेला स्थल तक पहुंची। मेला के प्रथम दिन सीतामाता फाग महिला नृत्य मंडल पहाडढ़ाना, जमुनाफाग महिला नृत्य मंडल बीचढाना, ग्वाल देव फाग महिला नृत्य मंडल भट्टीढाना तथा संग्रामशाह फाग महिला नृत्य मंडल दुलरहा द्वारा शानदार आदिवासी लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दी गईं। जेरी प्रतियोगिता में साहबू डांगवा सहित पांच खिलाडय़ों ने भाग लिया, लेकिन पहले दिन कोई भी जेरी नहीं तोड़ पाया। मेला के दूसरे दिन श्रीराम फाग मंडल बाकुड़ तथा गुरुसाहब फाग मंडल वन ग्राम बाकुड़ द्वारा मेघनाथ पर आधारित प्रस्तुति दी गई। दोपहर के बाद आयोजित जेरी प्रतियोगिता में डांगवा के खिलाडय़ों ने पुनः किस्मत आजमाई, जिसमें रामाधार मावसे सफल रहे और जेरी तोडक़र प्रतियोगिता अपने नाम की। मेला के तीसरे दिन महिला फाग मंडलों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इसके साथ ही जय सेवा गोंडी डंडार मंडल खखाराढाना, संग्रामशाह मंडल दुलरहा, कलिकुमार मंडल बाकुड़ तथा डांगवा देवबाबा मंडल द्वारा कोरकू भाषा में शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस प्रकार तीन दिवसीय जेरी मेला का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मन्तु सलाम, राजेश कवड़े, राजू नर्रे, केरिया सज्जूलाल आदि रहे मौजूद।

### लॉटरी सिस्टम से होगा सीटों का आवंटन, 28 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

# जिले के 314 निजी स्कूलों में मिलेगा 1697 बच्चों को आरटीई के तहत प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए 13 मार्च से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। राज्य शिक्षा केंद्र ने इस संबंध में निर्देश सभी जिलों को जारी कर दिये है। जारी कैलेंडर के अनुसार, ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में निशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल को किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात 14 मार्च से 30 मार्च के बीच त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। वहीं सत्यापन का कार्य जिले के 79 जन शिक्षा केंद्रों पर किया जाएगा, जहां नोडल अधिकारी अभिभावकों के दस्तावेजों की जांच करेंगे और यदि आवेदन में कोई गलती होगी तो उसे सुधारने का मौका भी दिया जाएगा। आवेदक ने आरटीई में निशुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी/निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है, तत्संबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से, आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में, एडमिशन निरस्त होने की समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

### एसएमएस के माध्यम से मिलेगी जानकारी

ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने पर आवेदक संबंधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में भी संपर्क कर सकता है। 2 अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी द्वारा छात्रों को निजी स्कूलों में सीट का आवंटन किया जायेगा। लॉटरी प्रक्रिया के उपरांत आवंटित सीट की जानकारी, आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर, एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जायेगी। ऑनलाइन लॉटरी की सूची आरटीई पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी। आवेदक को आवेदन करने में कोई दिक्कत हो या उन स्कूलों की जानकारी चाहिए हों, जहां सीटें खाली हैं, तो आरटीई पोर्टल अथवा सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना कार्यालय अथवा विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र या जनशिक्षा केन्द्र कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### कक्षावार आयु सीमा तय

प्रवेश के लिए कक्षावार आयु सीमा भी तय की गई है।



फाइल फोटो

नर्सरी/केजी.-1/केजी-2 कक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 03 से 04 वर्ष 06 माह एवं कक्षा-1 में प्रवेश के लिये न्यूनतम आयु 06 वर्ष से अधिक व 07 वर्ष 06 माह तक निर्धारित की गई है। सत्र 2026-27 के प्रवेश के लिए नर्सरी/केजी-1/केजी-2 कक्षाओं के लिए आवेदक की आयु की गणना 31 जुलाई 2026 की स्थिति में एवं कक्षा 1 के लिए 30 सितंबर 2026 की स्थिति में की जायेगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने तय समय-सीमा में पूरी प्रक्रिया संपन्न करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। आवेदकों को सत्यापन के लिए मूल दस्तावेज लाना जरूरी होगा। आवेदक अपने ग्राम, वार्ड और विस्तारित पड़ोस के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पोर्टल पर प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। सत्यापन के लिए मूल दस्तावेजों को निर्धारित शासकीय जन-शिक्षा केंद्र में प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा।

### जिले के 314 स्कूलों में ही होगा प्रवेश

जिले के 314 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। आरटीई के एडमिशन के लिए इस बार लगभग 1697 सीटें आरक्षित की गई है। हालांकि यह आंकड़ा स्कूलों में दर्ज संख्या के अनुपात में कुछ कम ज्यादा भी हो सकता है। स्कूलों में सीटों का आरक्षण 25 प्रतिशत के हिसाब से राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्धारित किया है। इस हिसाब से सत्र 2026-27 के लिए जिले भर में आरटीई के तहत करीब 1697 सीटें आरक्षित की गई है। जिनमें आरटीई के तहत बच्चों को प्रवेश दिया जाना है।

### बदलाव से हुई सीटों की संख्या कम

पिछले वर्ष आरटीई नियमों में कुछ बदलाव किए गए थे, जिससे सीटों की संख्या पहले की तुलना में कम हो गई है। पिछले वर्ष लगभग 1700 से ज्यादा सीटें आरक्षित की गई थी, जिसमें 1245 सीटों पर प्रवेश हुआ था। पहले निजी स्कूल कक्षा नर्सरी, केजी वन, केजी टू और कक्षा पहली से शुरू होता था, इन चार कक्षाओं के कुल बच्चों की संख्या की 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब बच्चों को प्रवेश दिया जाता था, जिससे सीटें अधिक रहती थी। लेकिन नियमों में बदलाव के बाद अब केवल स्कूल की शुरुआती कक्षा में ही 25 फीसदी सीटों पर प्रवेश दिया जा रहा है, जिसके कारण सीटें कम हो गई हैं। बच्चों की स्कूल फीस एवं अन्य निर्धारित खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

**सीटें निर्धारित हैं**

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 मार्च से शुरू हो गई है। निजी स्कूलों में सीटें निर्धारित की गई हैं। 314 निजी स्कूलों में 1697 सीटों पर नियमानुसार प्रवेश दिया जाएगा।

भूपेंद्र वरकड़े, डीपीसी, बैतूल

### वीआईपी स्कूल के पास हुआ हादसा

# ट्रक से टकराई स्कूटी दो युवकों की मौत

### एक युवक की अस्पताल में और दूसरे की नागपुर ले जाते समय मौत



**मुलताई।** मुलताई के नागपुर रोड स्थित थावरिया नाला के पास वीआईपी स्कूल के समीप हुए भीषण सडक़ हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और मृतकों के परिवारों में मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेडी देवगांव निवासी बारीक उर्फ हेमराज धुर्वे (18 वर्ष) मुलताई के एक रेस्टोरेंट में कार्य करता था। शुक्रवार 15 मार्च 2026 की शाम करीब 5 बजे उसने अपने पिता को फोन कर बताया कि वह अपने दोस्त सुखदेव कहार के साथ स्कूटी से मुलताई से अपने गांव लौट रहा है। बताया जा रहा है कि रात करीब 11:30 बजे सूचना मिली कि नागपुर रोड स्थित थावरिया नाला के पास वीआईपी स्कूल के सामने उनकी स्कूटी की टक्कर एक ट्रक (क्रमांक आरजे -14 जीई 0676) से हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था और अचानक ब्रेक लगाने के कारण पीछे से आ रही स्कूटी ट्रक से जा टकराई। इस भीषण टक्कर में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सरकारी अस्पताल मुलताई पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद सुखदेव कहार को मृत घोषित कर दिया। वहीं हेमराज धुर्वे के सिर, जांघ, पेट और हाथ में गंभीर चोटें आई थीं। उसकी हालत गंभीर देखते हुए परिजन उसे बेहतर उपचार के लिए एम्बुलेंस से नागपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में मल्हारा पंखा के पास उसने भी दम तोड़ दिया। मृतक हेमराज के पिता ने ट्रक चालक पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## विधिक साक्षरता शिविर में कानून की दी जानकारी




**बैतूल।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन में 16 मार्च को नगर पालिका सभागृह बैतूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शर्मिला बिलवार ने उपस्थित यौन शोषण से पीड़ित बालिकाओं के पुनर्वास एवं प्रतिकर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके अलावा उन्होंने नालसा की डॉन ड्रग जागरूकता एवं कल्याण नेविगेशन-नशा मुक्त भारत योजना, 2025 तथा नालसा तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2015 के बारे में भी विस्तार से बताया। इसके साथ ही मप्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना तथा पास्को एक्ट कानून की जानकारी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शर्मिला बिलवार, नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थिति थे।

# भाजपा नेता के कार्यालय सहित चार दुकानों के ताले टूटे, 50 हजार पार

### नागपुर रोड पर देर रात चोरों का धावा, सीसीटीवी में संदिग्ध कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

पवित्र नगरी में अपराधिक गतिविधियां निरंतर बढ़ती जा रही है और चोरों के हौसले भी बुलंद है बीती रात शहर में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। नागपुर रोड स्थित भाजपा नेता नमन अग्रवाल के मुख्य कार्यालय सहित आसपास की चार दुकानों के ताले अज्ञात चोरों ने तोड़ दिए। चोर कार्यालय से करीब 50 हजार रुपये नगद सहित अन्य दुकानों से भी नकदी लेकर फरार हो गए।

घटना के बाद क्षेत्र में हडक़ंप मच गया और व्यापारियों में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नागपुर रोड पर स्थित भाजपा नेता नमन अग्रवाल के कार्यालय और उसके आसपास की दुकानों में देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोला। चोरों ने सबसे पहले दुकानों के ताले तोड़े और अंदर घुसकर वहां रखी नगदी पर हाथ साफ कर दिया। भाजपा नेता के कार्यालय से करीब 50 हजार रुपये नकद चोरी होने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा आसपास की अन्य दुकानों से भी नगदी चोरी होने की बात कही जा रही है। सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंचे तो ताले टूटे हुए देखकर हैरान रह गए। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मुलताई पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास



लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालना शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति कार्यालय के अंदर घुसते हुए दिखाई दे रहा है। हालांकि उसने अपने चेहरे को गमछा और टोपी से ढक रखा था, जिससे उसकी पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रही है। आरोपी कार्यालय के अंदर घुसकर अलमारी और दराज की तलाशी लेने के बाद नगदी लेकर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। इधर लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के व्यापारियों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

## बैतूल के खिलाड़ी ने पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीते 3 स्वर्ण पदक

**बैतूल।** बैतूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी कौशिक मेहरा ने इंदौर में 14 मार्च 2026 को आयोजित ऑल इंडिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर से 200 से अधिक खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया, जिनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कौशिक मेहरा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करते हुए डेडलिफ्ट, स्क्वाट और ओवरऑल पावर लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक हासिल किए। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने डेडलिफ्ट में 265 किलोग्राम, स्क्वाट में 210 किलोग्राम और बेंच प्रेस में 135 किलोग्राम वजन उठाया। इस प्रकार उनका कुल वजन 640 किलोग्राम रहा, जिसके आधार पर उन्होंने अपने वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद कौशिक मेहरा ने आत्मविश्वास और मेहनत के दम पर जीत हासिल की




और बैतूल जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। अपनी इस सफलता का श्रेय देते हुए कौशिक मेहरा ने आरडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर ऋतु खंडेलवाल को विशेषकर धन्यवाद दिया है, जिन्होंने उन्हें लगातार समर्थन और शुभकामनाएं भी दी है। इसके साथ ही उन्होंने अपने माता-पिता और उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उन पर विश्वास रखा और सकारात्मक सोच के साथ उन्हें इस प्रतियोगिता को जीतने के लिए प्रेरित किया है। कौशिक मेहरा की इस उपलब्धि से जिले में खुशी की लहर है।

### पंचायतों का बकाया बिजली बिल शासन भरे, कनेक्शन न काटे जाए

# बिजली बिल और पेयजल संकट को लेकर सरपंचों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सरपंच संगठनों ने सोमवार को बिजली बिल और पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सरपंचों ने पंचायतों की आर्थिक स्थिति खराब होने और लगातार बढ़ते बिजली बिलों की समस्या को प्रमुखता से उठाया। सरपंच एकता महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश कुमरे, सरपंच संघ के प्रदेश सचिव रामा इवने और सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष महेश रावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सरपंच कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन को अपनी मांगों से अवगत कराया।

ज्ञापन में बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में नल-जल योजनाओं के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इसके लिए पंचायतों ने बिजली कनेक्शन लिए हैं, जिनसे मोटर चलाकर पानी सप्लाई किया जाता है। सरपंचों ने बताया कि कई गांवों में पानी सीमित दिनों में ही मिल पाता है, जिससे ग्रामीण जलकर का भुगतान नहीं कर रहे हैं। इसके कारण पंचायतों पर बिजली बिल की बड़ी राशि बकाया हो गई है। सरपंचों का कहना है कि पंचायतों के खातों में 15वें वित्त आयोग सहित अन्य मदों से पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बिजली बिलों का भुगतान करना संभव नहीं हो पा रहा



है। वहीं बिजली विभाग लगातार बिल जमा करने का दबाव बना रहा है और कनेक्शन काटने की चेतावनी दे रहा है। सरपंचों ने कहा कि यदि बिजली कनेक्शन काट दिए गए तो ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो सकती है।

### शासन स्तर पर बिल भुगतान की मांग

सरपंचों ने मांग की है कि पंचायतों के बकाया बिजली बिलों का भुगतान शासन स्तर पर किया जाए। वैकल्पिक रूप से पंचायतों को उपलब्ध राशि से बिल जमा करने की अनुमति दी जाए और फिलहाल बिजली कनेक्शन न काटे जाएं, ताकि गांवों में पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से जारी रह सके।

## स्व. सुरभि खंडेलवाल को दी श्रद्धांजलि



**बैतूल।** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन विभाग मंत्री उदय प्रताप सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के निवास पहुंचकर दिवंगत सुश्री सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने विधायक श्री खंडेलवाल तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। वहीं अध्यक्ष, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग भोपाल अवधेश प्रताप सिंह ने भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के निवास पहुंचकर दिवंगत सुश्री सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने विधायक श्री खंडेलवाल तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश

# सभी पात्र बालिकाओं का करवाएं एचपीवी टीकाकरण: कलेक्टर

### समय-सीमा बैठक में योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए उद्यानिकी, सहकारिता, लोक निर्माण विभाग, स्कूल शिक्षा, जल संसाधन तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही अन्य विभागों को भी प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक और समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा कर नामांतरण, बटवारा और सीमांकन के लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में विक्रमोत्सव की भी समुचित तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य एवं स्कूल शिक्षा विभाग को टीकाकरण के महत्व के प्रति पात्र बालिकाओं और अभिभावकों को जागरूक करने और अधिक से अधिक टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस कार्य में महिला एवं बाल विकास विभाग को भी सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान



कलेक्टर ने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि पोषण ट्रैकर ऐप से छूटे बच्चों का प्राथमिकता के आधार पर पंजीयन किया जाए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने गर्भवती माताओं के पंजीयन तथा मातृ मृत्यु के प्रकरणों की समीक्षा कर सीएमएचओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ब्लड ट्रांसफ्यूजन और आयरन सप्लीमेंटेशन जैसे मानकों पर भी प्रगति लाने पर जोर दिया। सीईओ जिला पंचायत श्री जैन ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि फील्ड अमला दक्षतापूर्वक कार्य कर सके।

उन्होंने जल संचय जन-भागीदारी अभियान की समीक्षा करते हुए जल संरचनाओं से संबंधित कार्यों को पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश सभी सीएमओ और वन विभाग को दिए। साथ ही जनगणना कार्यों की समीक्षा कर जनगणना ब्लॉक गठन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं सीएमओ को दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 2217 बालिकाओं का किया टीकाकरण

बैतूल- सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 16 मार्च 2026 तक जिला चिकित्सालय में 129 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आठनेर में 57 सेहरा में 307, भैंसदेही में 64, भीमपुर 349, चिचोली में 165, घोड़ाडोगरी में 608, प्रभात पटटन में 136, आमला में 241, मुलताई में 128, शाहपुर में 33 इस प्रकार जिले में कुल 2217 बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर ह्यमन पैपिलोमा वायरस एचपीवी से होता है। एचपीवी टीका एक सुरक्षित और प्रभावी टीका है जो कैंसर से बचाने में मदद करता है। यह टीका जिला चिकित्सालय बैतूल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क लगाया जा रहा है। उन्होंने समस्त अभिभावकों से अपील की है कि ऐसी बालिकाएं जिनकी आयु 14 वर्ष तथा 15 वर्ष 3 माह तक की है वे अपनी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण अवश्य करवाएं एवं बेटियों का भविष्य सुरक्षित बनायें।

मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंप की आदेश वापस लेने की मांग

# टीईटी गोबैक का लगाया विविध कर्मचारी संघ पदाधिकारियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नारा

शिक्षकों के संयुक्त मोर्चा सहित मप्र शासन के विविध कर्मचारियों के संगठन पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने सोमवार को एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से टीईटी को वापस लिये जाने की मांग की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ तथा अधिकारी कर्मचारी संघ संयुक्त मोर्चा नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष अंजू नारोलिया ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कहा कि मप्र में वर्षों से कार्यरत शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता ठीक नहीं है। नारोलिया के अनुसार शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का कहना है कि एक सितम्बर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली द्वारा दिये गए निर्णय में लेख है कि शिक्षा अधिनियम 2009 के प्रावधान 23 (1) एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षक परिषद द्वारा जारी अधिसूचना सत्र 2011 अनुसार कक्षा एक से आठ तक प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी उत्तीर्ण होने के पश्चात ही शिक्षक के रुप में चयन किया जाएगा। चूंकि मप्र में शिक्षकों की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा शिक्षाकर्मी, संविदा शिक्षक एवं गुरुजी के रुप में समय समय पर निर्धारित नियमों एवं विधिक प्रावधानों के अनुसार तथा वर्तमान में राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग (भर्ती एवं सेवा की शर्तें) नियम



2018 में वर्णित सभी सेवा शर्तों से की गई है। लेकिन इसमें टीईटी परीक्षा को उत्तीर्ण करना सेवा शर्त राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा उल्लेखित एवं वर्णित नहीं की गई थी। सभी शिक्षकों ने पिछले 25-30 वर्षों में पूर्ण निष्ठा समर्पण व ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्तवपूर्ण योगदान दिया है। अतः मुख्यमंत्री से शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा तहसील सोहागपुर तथा टीईटी व्यवस्था से प्रभावित एक लाख 50 हजार शिक्षक-शिक्षिकाओं का अनुरोध है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में पुर्नविचार याचिका दायर करने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें। जिसमें कई वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के हितों की रक्षा सुनिश्चत हो सके।

### पहले निकाला पैदल मार्च

एसडीएम प्रियंका भल्लावी को ज्ञापन सौंपे जाने के पहले सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में पदस्थ समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने मंगल भवन नगर परिषद परिसर सुहागपुर से वृहद पैदल मार्च का आयोजन किया। मार्च में शिक्षक शिक्षिकाएं टीईटी गो बैक के नारे लगाते हुए सम्मिलित हुए। पैदल मार्च मंगल भवन से स्टेट हाईवे, सिविल कोर्ट चौराहा, पलकमती पुल व मुख्य बाजार तक पहुंचा। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाओं ने टीईटी व्यवस्था के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। यहां से सभी एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया गया है।

### ये रहे उपस्थित

पैदल मार्च तथा ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान अंजु नारोलिया सहित नर्मदापुरम से आए जिला वाहन संघ जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम राजपूत, रवि दुबे, मप्र रिज्य कर्मचारी संघ सचिव शैलेंद्र तोमर सहित शिक्षकों के विविध संघों से उमेश ठाकुर, तरुवर सिंह पटेल, अरुण रघुवंशी, लखन अहिरवार ,जितेंद्र बैरागी, आरके दीक्षित, विपिन गिल्ला, संदीप कुशवाहा, धनीराम लांझेश, सुनीता गढ़वाल तथा सैकड़ों शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## नेशनल लोक अदालत में फिर उजड़ने से बचा एक परिवार




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया के तहसील न्यायालय परिसर में 14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम जिला न्यायाधीश राजेश कुमार अग्रवाल ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। यह आयोजन मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

लोक अदालत में बिजली विभाग के 41 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण कर 4 लाख 20 हजार 109 रुपये की वसूली की गई। वहीं 9 लिटिगेशन प्रकरणों में 2 लाख 56 हजार 538 रुपये प्राप्त हुए। मोटर दुर्घटना के 3 मामलों का भी निपटारा करते हुए 20 लाख 25 हजार रुपये की अवार्ड राशि जमा कराई गई।

छह खंडपीठों में कुल 182 मामलों का निराकरण हुआ, जिससे 217 लोग लाभान्वित हुए। इस दौरान वर्षों से अलग रह रहे दो दंपत्तियों को समझाइश देकर पुनः साथ रहने के लिए राजी किया गया, जिससे उनके परिवारों में फिर खुशियां लौट आईं। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होगी, आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। क्षेत्र में लगभग 7 सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से कुल 14 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं, जहां किसानों से गेहूं की खरीदी की जाएगी।जिला सहकारी बैंक प्रबंधक अजब सिंह पटेल के अनुसार, इन सेवा सहकारी समितियों के पंजीकरण केंद्रों के माध्यम से अब तक लगभग 7,372 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए पंजीकरण कराया है। इसके अलावा कई किसानों ने ऑनलाइन बुकिंग और मोबाइल फोन के माध्यम से भी पंजीकरण कराया है।उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रारंभ की जाएगी। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2,625 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिसमें 40 रुपये का बोनस भी शामिल है। खरीदी केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिए बैठने की व्यवस्था, बिजली, ठंडा पीने का पानी तथा छांव की व्यवस्था की जाएगी। पानी के टैंकरों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।खरीदी प्रक्रिया के दौरान तुलावटी और हम्मालों के माध्यम से केवल एफएक्यू गुणवत्ता का गेहूं ही खरीदा जाएगा। इसके साथ ही खरीदी केंद्रों पर निगरानी बनाए रखने के लिए सर्वेयरों पर विशेष नजर रखी जाएगी और कैमरे भी लगाए जाएंगे।प्रशासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि सभी खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और खरीदी प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित की जा सके।

## पेंशनर संघ का होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर




पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन माखन नगर का होली मिलन समारोह पेंशनर कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष वर्मा सेनानी परिवार के दीपक वर्मा विशिष्ट अतिथि लाइंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष संजय वर्मा एवं गिरीश वर्मा उपस्थित थे। प्रारंभ में मां सरस्वती जी की प्रतिमा की पूजन अर्चना की गई। इसके उपरांत पेंशनर संघ के अध्यक्ष संरक्षक उपाध्यक्ष एवं सचिव एवं अन्य पेंशनर साथियों द्वारा अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। होली मिलन के उपलक्ष में अतिथि दीपक वर्मा संजय वर्मा गिरीश वर्मा द्वारा सभी पेंशनरों को गुलाल लगाकर माला पहनाकर अंग वस्त्र भेंट किया गया एवं होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई पेंशनर संघ के संरक्षक एस एल चोरे महेश चंद्र वर्मा अध्यक्ष आरएच चौरे, संजय वर्मा ने होली मिलन की शुभकामनाएं दी। गिरीश वर्मा द्वारा अपने संबोधन में होली पर्व की शुभकामनाओं के साथ कहा विभिन्न विभागों से सेवानिवृत पेंशनरों का यह संगठन आपसी प्रेम सौहार्द सामाजिक एकता की खूबसूरत मिसाल है ऐसी भारतीय संस्कृति के त्योहारों को मनाकर आपसी भाईचारा बनाए रखें मुख्य अतिथि दीपक वर्मा द्वारा पेंशनर्स संघ का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को सहयोग देने एवं ऐसे आयोजनों के लिए हमेशा तत्पर रहने के लिए कहा। कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक एसएल चौरे, महेश चंद्र वर्मा, राजेंद्र दीवान, लखन सिंह राजपूत, अध्यक्ष आरएच चौरे, उपाध्यक्ष हरि सैदावत, प्रदीप मिश्रा, हरिओम मालवीय, नारायण तिनगुरिया, ध्रुव तिवारी, राजेश कांसलीवाल, रमेश साहू, मनोहर शर्मा, एसके दुबे, आलोक मिश्रा, बालकिशन चौहान सहित अनेक लोग शामिल हुए कार्यक्रम का संचालन सचिव हरिओम मालवीय द्वारा एवं आभार पेंशनर संघ के संरक्षक एस एल चोरे द्वारा व्यक्त किया गया।

## पकड़े गए किराना दुकान में चोरी करने वाले, पहुंचाए गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र के धपाड़ा गांव की एक किराना दुकान में घुसकर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। मामले में आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। एएसआई गणेश राय ने बताया कि 14 मार्च 2026 को फरियादी जीसाहब पिता बलवंत सिंह गुर्जर उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम धपाड़ा थाना सोहागपुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 मार्च 2026 को रात नौ बजे वह दुकान बंदकर घर चला गया था। अगली सुबह वह करीब 5.30 बजे अपनी दुकान गया तो देखा कि सामने की शटर आधी खुली थी व ताला टूटा पडा था। दुकान में जाकर देखा तो पाया कि प्लास्टिक की दो बोरियों रखे पान मसालों सहित बिड़ी, चॉकलेट, नमकीन, पापड़, बर्फी, बिस्किट आदि के अलग-अलग कंपनियों के कई पैकेट चोरी किये गए थे। चोरी की गई सामग्री की कीमत फरियादी ने कुल 14 हजार 768 रूपये बताई गई थी।

### पकड़े गए आरोपी



पुलिस के प्रेसनोट के अनुसार मामले में अपराध क्रमांक 144/26 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान 14 मार्च 2026 को संदेही पूरन उर्फ छोटू अहिरवार पिता कमल सिंह अहिरवार उम्र 22 साल निवासी ग्राम धपाड़ा, शुभम उर्फ मंगल पिता गोपाल भलावी उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम धपाडा एवं शिवम उर्फ तोता पिता कमलेश अहिरवार उम्र 21 वर्ष निवासी मालाखेड़ी थाना नर्मदापुरम को अभिरक्षा में लेकर अपराध के संबंध में पूछताछ की गई। तो आरोपियों ने फरियादी की दुकान का ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपीगण से पुलिस ने चोरी गया मशरूका बरामद कर लिया है। मामले में आरोपीगण पूरन उर्फ छोटू अहिरवार, शुभम उर्फ मंगल एवं शिवम उर्फ तोता गिरफ्तार कर जेएमएफसी न्यायालय सोहागपुर के समक्ष जेआर पर पेश किये गए। जिन्हें माननीय न्यायालय के आदेश से उपजेल पिपरिया भेजा गया है। थाना प्रभारी ऊषा मरावी के निर्देशानुसार की गई कार्यवाही में एएसआई रमाकांत यादव, प्रधान आरक्षक संजीव, आरक्षक राजेंद्र, मनोहर, संदीप, राजकुमार की भूमिका सराहनीय रही।

## पलाश परिसर में संघ की चंद्रशेखर शाखा का वार्षिक उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गत दिवस रामगंज के पलाश परिसर में चंद्रशेखर शाखा का वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता रूप में उपस्थित जिला प्रचारक नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण देश में विशाल पथ संचलन निकाले गए।

उसके पश्चात बस्ती तथा मंडलों में हिंदू सम्मेलन हुए। जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज उपस्थित रहा है। मिश्रा ने बताया कि हम चंद्रशेखर शाखा का वार्षिक उत्सव मना रहे हैं। वर्षभर शाखा में स्वयंसेवक अपनी गतिविधियां चलाते हुए व्यक्ति निर्माण का कार्य संघ करता है। आने वाले समय में किशोर एवं युवाओं के लिये संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ना चाहिए तथा संघ के कार्यक्रम एवं शाखा में आना चाहिए। संघ का प्रमुख कार्य व्यक्ति निर्माण करना है।

संघ आज विभिन्न क्षेत्रों में काम करते हुए निरंतर आगे बढ़ रहा है। कोई भी क्षेत्र संघ के कार्य से अछूता नहीं रहा है। मिश्रा के अनुसार संघ संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार ने राष्ट्र का चिंतन करते हुए ऐसे युवाओं का संगठन खड़ा किया जो राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव रखता है। स्वयंसेवक अपने प्राणों की परवाह किए बगैर खड़े रहते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण किया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

गांव के समग्र विकास में स्थानीय समितियों की भूमिका मजबूत करने के लिए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नवांकुर संस्था साथी सामाजिक सेवा समिति ने सेक्टर क्रमांक 5 के ग्राम तालकेसरी में एक दिवसीय प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें नवांकुर संस्थाओं के पदाधिकारी, ग्राम विकास प्रस्फ़ुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, सदस्य और नवांकुर सखियां शामिल हुई। विकासखंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख के मार्ग दर्शन में परामर्शदाता राकेश ने समितियों के उद्देश्य व सामाजिक भूमिका की जानकारी दी। साथ ही प्रशिक्षण में पर्यावरण संरक्षण, समाज कल्याण, स्वच्छता शपथ, दस्तावेजीकरण, समिति के कार्य का लक्ष्य निर्धारण जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। बताया कि समितियां आदर्श ग्राम की परिकल्पना को साकार कर सकती हैं। इसके




लिए दस्तावेजीकरण, वृक्षारोपण, नर्सरी व कार्यालय निर्माण, सूचना बोर्ड, दीवार लेखन ,गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए दाना पानी और जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रशिक्षण दिए गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि के द्वारा सेक्टर की विभिन्न प्रस्फुटन समितियों ओर नवांकुर सखी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राम मीना द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित ग्राम सरपंच प्रतिनिधि वीपेन्द्र चौहान,पंचायत सचिव राजेन्द्र दीवान, वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

## निराश्रित मवेशियों के लिए निजी व्यय व चंदे से कराई पानी की टंकी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में गौ सेवा के लिए चर्चित शहर निवासी नीलेश साहू प्रति वर्ष गर्मी में निराश्रित मवेशियों के लिए पेयजल व्यवस्था करते हैं। इस वर्ष भी नीलेश साहू ने गर्मी की शुरुआत होते ही मवेशियों के लिए पेयजल व्यवस्था बनाना प्रारंभ कर दिया है। नीलेश साहू ने सीमेंट से बनी टंकियों की व्यवस्था पिछले वर्षों में की है। उन्होंने स्वयं की राशि व्यय की तथा कई सहयोगियों से आर्थिक सहयोग लिया। तथा 10 से अधिक सीमेंट टंकियां खरीदीं। जिन्हें शहर में विभिन्न स्थलों पर रखा गया। इन टंकियां में नागरिक प्रतिदिन पानी भर देते हैं। जिससे निराश्रित मवेशियों के लिए गर्मी में पेयजल की व्यवस्था की जाती है। साहू ने कहा कि लगभग सात वर्ष पूर्व उन्होंने यह विचार किया था कि सीमेंट की टंकियां खरीदी जाएं तथा इन्हें अलग-अलग उन स्थलों पर रखा जाए, जहां मवेशी अधिक भटकते हैं। ताकि उनके पेयजल की व्यवस्था हो सके।




वहीं नागरिकों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन को भी इस पर ध्यान देते हुए सार्वजनिक स्थलों पर निराश्रित मवेशियों के लिए पानी की टंकियां रखनी चाहिए। नागरिकों का यह भी कहना है कि वैसे तो निराश्रित भविष्य के लिए गौशालाओं की स्थापना ही उचित कदम हो सकता है।

शपथ ग्रहण समारोह में समाजजनों की रही उपस्थिति, शुभचिंतकों ने दी बधाईयां

# गौंड मालवीय ब्राह्मण समाज संगठन इटारसी की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गौंड मालवीय ब्राह्मण समाज संगठन इटारसी की नई कार्यकारिणी की घोषणा रविवार को स्थानीय ईश्वर रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में की गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई तथा उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से एड. हरीश मालवीय को अध्यक्ष, रामकुमार मालवीय को कार्यकारी अध्यक्ष, राजकुमार मालवीय को उपाध्यक्ष, मनोज मालवीय को सचिव तथा नर्मदा प्रसाद मालवीय को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सह सचिव के रूप में संदीप मालवीय एवं उमेश मालवीय तथा सह कोषाध्यक्ष के रूप में सुबोध मालवीय एवं सुरेश मालवीय को दायित्व सौंपा गया।




### संरक्षक एवं सलाहकार मंडल

कार्यकारिणी के विस्तार में गया प्रसाद मालवीय को वरिष्ठ संरक्षक बनाया गया। संरक्षक मंडल में प्रेमनारायण मालवीय, लखनलाल मालवीय, पुरुषोत्तम मालवीय, सुभाष मालवीय, नंदलाल मालवीय एवं गिरधारी लाल मालवीय को शामिल किया गया। सलाहकार समिति में अरविंद मालवीय, नर्मदाप्रसाद मालवीय, सुभाष मालवीय, सुरेश मालवीय, रमेशचंद्र मालवीय, रामभरोस मालवीय, अशोक मालवीय, नरेंद्र मालवीय, लखनलाल मालवीय (निमसाड़ियां) तथा ओमप्रकाश मालवीय (वन विभाग) को दायित्व दिया गया।

### अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति

कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर समाज के अनेक सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई, जिनमें उपाध्यक्ष, संगठन महामंत्री, संगठन मंत्री, प्रवक्ता तथा कानूनी सलाहकार सहित अन्य पद शामिल हैं। वहीं कार्यक्रम में मालवीय श्री गौंड ब्राह्मण समाज महासभा (संपूर्ण भारत) के अध्यक्ष अर्जुन मालवीय (नर्मदापुरम), महासभा के संरक्षक एवं इटारसी स्थानीय समिति के संरक्षक गया प्रसाद मालवीय, पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक लखनलाल मालवीय, पूर्व अध्यक्ष प्रेमनारायण मालवीय, प्रवक्ता जितेंद्र मालवीय (नर्मदापुरम) तथा मीडिया प्रभारी सोनू मालवीय (नर्मदापुरम) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

संरक्षक गया प्रसाद मालवीय ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज को संगठित कर आपसी सहयोग एवं एकता के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। वहीं कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष एड. हरीश मालवीय ने उपस्थित सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया, वहीं सचिव मनोज मालवीय ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की ओर से सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बिना प्रशिक्षण के पिपरिया जनपद में जारी आवासीय जनगणना



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र में आवासीय जनगणना का कार्य लगातार जारी है, हालांकि कर्मचारियों को अभी तक शासन द्वारा औपचारिक प्रशिक्षण नहीं दिया गया है।

ग्राम पंचायत बीजनवाडा में सचिव प्रेमनारायण सराठे अशासकीय कर्मचारियों के सहयोग से जनगणना कार्य कर रहे हैं। बैंक कॉलोनी क्षेत्र में प्रेमनारायण सराठे, राज ठाकुर और शंकरलाल वर्मा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर डेटा संग्रह कर रहे हैं। वहीं रोजगार सहायक, पटवारी और ग्राम कोटवार की सक्रियता कम दिखाई दी। इसके बावजूद जनता के सहयोग से जनगणना कार्य सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। पूरे जनपद क्षेत्र में इस कार्य पर लगातार नजर रखी जा रही है और संबंधित रिकॉर्ड भी दर्ज किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

**हरदा।** पुलिस अधीक्षक शशांक ने विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु इनाम घोषित किये है। उन्होने थाना टिमरनी के अपराध क्रमांक 78/2026 धारा 296 बी, 115 (2), 351(3), 190, 191(2), 191(3), 109(1) बीएनएस 3(1) (द), 3(घ), 3(2) एससी/एसटी एक्ट ईजाफा धारा 118(1) में फरार आरोपियों दीपक पिता तयपा मसीह, सौरभ मसील निवासी टिमरनी की तलाश एवं पतारसी हेतु 3 हजार रूपये के इनाम की घोषणा की है। इसी प्रकार थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 301/2025 धारा 137(2) बीएनएस ईजाफा धारा 65(1), 87 बीएनएस एवं पास्को एक्ट में फरार आरोपिया मनीषा उर्फ राधा पिता संजय राजपूत उम्र 38 वर्ष निवासी बावड़िया तथा महिला थाना के अपराध क्रमांक 12/26 धारा 65(1), 137(2) बीएनएस में फरार आरोपी महेश कुशवाह पिता पुरूषोत्तम कुशवाह निवासी अर्जुन नगर की गिरफ्तारी हेतु 3-3 हजार रूपये की घोषणा की गई है। जारी उद्घोषणा में कहा गया है कि जो व्यक्ति इन आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करवाएगा या ऐसी सूचना देगा, जिसके आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सके, ऐसे सूचनाकर्ता को आरोपी की गिरफ्तारी के लिये इनाम की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। यदि सूचनाकर्ता चाहेगा तो उनका नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुरस्कार वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक जिला हरदा का मान्य होगा।

### दुकानदारों को दिया फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार आगामी 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर सलकनपुर स्थित विजयासन देवी मंदिर पर में आयोजित मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी क्रम में एसडीईआरएफ के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सलकनपुर के दुकानदारों के साथ बैठक कर उन्हें अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान दुकानदारों को आग से बचाव के उपायों और आपात स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि मेला अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा है कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

### भूमि विवाद में बड़े भाई और भतीजे ने किया जानलेवा हमला

**इछावर।** सीहोर जिले के इछावर थाना क्षेत्र के भाऊंखेड़ी गांव में मकान की भूमि विवाद को लेकर एक युवक पर उसके ही बड़े भाई और भतीजे ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक को गंभीर घोंटें आई है। युवक को गंभीर हालत में भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर हिरासत में ले लिया और पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव भाऊंखेड़ी के आरोपी लखनलाल का अपने ही छोटे भाई मनोहर वर्मा से मकान की जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है।

---

#### जिले में अग्नि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जाए

# शहरी क्षेत्रों में कचरे में आग न लगे, गांवों में पानी के टैंकरों में प्रेशर पाइप लगाएं: कलेक्टर

**घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस की उपलब्धता में दिक्कत न हो**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले में अग्नि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किये जाने के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के पास उपलब्ध पानी के टैंकरों में अनिवार्य रूप से प्रेशर पाईप लगा हो। शहरी क्षेत्रों में जहाँ कचरे का संग्रहण है, वहां इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कचरे में आग न लगे। यदि आग लगती है तो तुरन्त उस पर नियंत्रण किया जाए। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस की उपलब्धता में दिक्कत न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होने रात 10 बजे के बाद ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से कहा कि पुलिस की 112 वेन के साथ प्रत्येक क्षेत्र में संबंधित पटवारी गश्त करें। यदि कहीं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का शोर पाया जाता है तो तत्काल कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। बैठक में कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिये कि शहरी क्षेत्रों में जो दुकानदार डस्टबिन नहीं रख रहे हैं, उनके विरूद्ध चालानी कार्रवाई की जाए। उन्होने यह भी कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण कर ठेले लगाने वाले दुकानदारों के विरूद्ध भी कार्रवाई हो। गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के बस स्टेण्डों पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी स्थानीय निकायों को निर्देश दिये गये। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत भवनों पर अधिक से अधिक संख्या में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिये भी नगरीय निकायों से कहा गया। इसके साथ ही हेण्डपम्पों के आसपास सोकपिट बनवाने के लिये भी संबंधित एजेन्सी को बैठक में निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने जिले के सभी स्कूली छात्रावासों में जनभागीदारी से आरओ वाटर प्यूरिफायर सिस्टम लगवाने के भी बैठक में निर्देश दिये। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, संकल्प से समाधान एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में फिसड्डी रहने वाली जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के एक-एक सप्ताह के वेतन काटने के निर्देश दिये गये।

#### बांस के प्लांटर से स्वागत होगा

एक जिला एक उत्पाद योजना के अंतर्गत जिले में बांस से बनी कलाकृतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिये हैं कि आगामी सभी कार्यक्रमों में अतिथियों को गुलदस्ते की जगह बांस के प्लांटर भेंट किये जायेंगे, जिससे बांस की कलाकृतियों को लोक प्रिय बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

#### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

# उपभोक्ताओं को अधिकारों के प्रति जागरुक किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर मंडी कार्यालय परिसर हरदा के सभाकक्ष में रविवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेन्द्र कौर (अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय उपभोक्ता कांग्रेस रामबकस सगर तथा जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जौहरी कमल सोनी शामिल हुए। कार्यक्रम में नर्मदा प्रसाद गौर, एल.एन. पाराशर, अशोक पाराशर, जिला आपूर्ति अधिकारी, हरदा वासुदेव भदौरिया, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, हरदा अमृता भट्ट तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, खिरकिया प्रशांत कुशवाह एवं उपभोक्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में जानकारी देते हुए जागरुक रहने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है तथा समाज में निष्पक्ष और पारदर्शी व्यापार व्यवस्था को बढ़ावा दे सकता है।

---

# गणगौर महोत्सव के चतुर्थ दिवस तीन मंडलों ने मनमोहक प्रस्तुति दी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

ग्राम बालागांव में आयोजित गणगौर महोत्सव पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के चतुर्थ दिवस विभिन्न मंडलों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें देखने के लिए गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं उपस्थित रहीं। दिन के समय माता-बहनों एवं गोरनी बाई द्वारा आम के पेड़ के नीचे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ झालरे दिए गए। इस दौरान आसपास से आई महिला मंडलियों ने भी सुंदर प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं रात्रि में आयोजित कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर बालिका गणगौर मंडल महेंद्रगांव, श्री गुरु जंभेश्वर गणगौर मंडल सालिया खेड़ी तथा मां कात्यायनी गणगौर मंडल हरदा द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। मंडलों के भजनों और पारंपरिक गीतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गणगौर महोत्सव में प्रतिदिन अलग-अलग मंडलों की प्रस्तुतियां देखने के लिए ग्रामीणों में खासा उत्साह बना हुआ है। आयोजन परिवार के शिवनारायण गौर, भगवानदास गौर एवं पवन गौर द्वारा सभी मंडलों का स्वागत किया गया, वहीं कार्यक्रम का संचालन हरिओम गौर, मदन गौर, सुरेश गौर सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है।

---

# विधायक डॉ. दोगने ने सादगी से मनाया अपना जन्मदिन, परिवार के साथ मां नर्मदा के दर्शन किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने का जन्मदिवस सोमवार को उनके निज निवास हरदा पर सादगीपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही कांग्रेसजनों, क्षेत्रवासियों, समर्थकों एवं शुभचिंतकों का उनके निवास पर बधाई देने के लिए तांता लगा रहा।


सर्वप्रथम हरदा विधायक डॉ. दोगने ने सहपरिवार ग्राम हंडिया पहुँचकर माँ नर्मदा एवं रिद्धेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्जन कर आर्शीवाद प्राप्त किया एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात हरदा विधायक डॉ. दोगने अपने निज निवास पर पहुंचे जहां पर पूर्व से उपस्थित कांग्रेसजनों, क्षेत्रवासियों, समर्थकों एवं शुभचिंतकों द्वारा हरदा विधायक डॉ. दोगने को पुष्पमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर एवं शाल-श्रीफल भेंट कर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने भी उपस्थित हुए। विधायक डॉ. दोगने ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जन्मदिन पर जो स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामनाएँ मिली उसके लिए वह सभी का आभार व्यक्त करते हैं।

उन्होंने कहा कि वह सभी को विश्वास दिलाता हैं कि क्षेत्र के विकास, जनता की समस्याओं के समाधान और जनहित के कार्यों के लिए मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निरंतर कार्य करता रहूँगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल, खण्डवा ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम सिंह पाल, महेश पटेल, गोविन्द व्यास, संजय भायरे, शंकर सिंह सोलंकी, सुरेन्द्र विश्नोई, आत्माराम पटेल, रामदीन पटेल, हीरालाल पटेल, भागीरथ पटेल, राधेश्याम सिरोही, युसूफ बाबा, भूपेश पटेल, अनिल दुबे, आमिर पटेल, संजू दुबे, डॉ. रामकृष्ण दुगाया, चुन्नीलाल रायखेरे, संजय बिगावने, दशरथ पटेल, श्यामलाल बाबल, दिनेश यादव, राहुल जायसवाल, शशि वर्मा, ओम सोलंकी, अजय राजपूत, शिव कापड़ीया, प्रमिला ठाकुर, सुप्रिया पटेल, लाजवंती लखोरे, अरूण तिवारी, विजय सिंह सूरमा, बिजू जाट, अमर रोचलानी, गौरीशंकर शर्मा, संजय जैन, कैलाश पटेल, हयात खान, अनिल सूरमा, राकेश सूरमा, राहुल पटेल, भूपेश बाबल, मदन गौर सहित जिले भर से हजारों की संख्या में कांग्रेसजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

---

#### चित्तौड़गढ़-भुसावल राष्ट्रीय मार्ग उन्नयन-कार्य

# विकास के नाम पर वन्य प्राणियों को बुरी नजर लगी उनके नैसर्गिक-जीवन पर खतरा मंडराने लगा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

सीमावर्ती महाराष्ट्र के सघन वनक्षेत्र में विकास के नाम पर वन्य प्राणियों को बुरी नजर लग गई है। वहीं प्रकृति की गोद में उनके स्वछन्द रूप से विचरण एवं नैसर्गिक-जीवन पर खतरा मंडरा रहा है। जबकि चित्तौड़गढ़-भुसावल राष्ट्रीय मार्ग के उन्नयन-कार्य में सघन वन क्षेत्र की खनिज-संपदा को भी क्षति की आशंका है। चित्तौड़गढ़-भुसावल राष्ट्रीय मार्ग निर्माण के लिए एजेंसी एम.एस खुराना इंजीनियरिंग लिमिटेड अहमदाबाद वन विभाग सौंपी है। गाड़गियाआम घाट-सेक्शन में क्रशर मशीन होने और इस पहाड़ी सघन वन क्षेत्र में अपार खनिज संपदा (पक्के पत्थर) हैं,जिनका दोहन होगा। जिससे खनिज सम्पदा एवं वन प्राणियों पर प्रतिकूल असर होगा। इस आशय की नईदुनिया (13 मार्च) में खबर प्रकाशन के बाद वन विभाग सक्रीय हुआ,लेकिन किसी हस्तक्षेप की जानकारी नहीं मिली है। जिससे "ढांक के वही तीन पांत" कहावत चरितार्थ हो रही है। इस संबध में स्थानीय वन अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क नहीं हो सका है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने इस वनांचल में भी पेसा एक्ट प्रभावशील किया है। जबकि वन (संरक्षण) अधिनियम,1980 में कड़े प्रावधानों के अंतर्गत क्रशर मशीन की अनुमति के मामले में भारत सरकार और सर्वोच्च न्यायालय के सख्त निर्देश हैं।

#### नैसर्गिक-जीवन पर असर

सीमावर्ती दक्षिणी सतपुडा पर्वत श्रृंखलाएं (मैकल श्रेणियां) महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सीमा को विभक्त करती है। यह प्राकृतिक माहौल वन्य प्राणियों के स्वछन्द एवं सुरक्षित जीवन के अनुकूल है। इस पहाड़ी वनांचल में बाघ,तेंदुए और राष्ट्रीय पक्षी मोर सहित विभिन्न प्रजातियों के प्राणी दोनों राज्यों की सीमा में आते जाते रहते हैं। मध्यप्रदेश की पर्वत-श्रृंखलाएं उन्हें नैसर्गिक निवास और विचरण के लिए आकर्षित करती है। यावल अभ्यारण पाल, गाड़गिया आम घाट-सेक्शन से कुछ ही दूरी पर मध्यप्रदेश की सीमा तक फैला हुआ है। यही कारण है कि वन्यप्राणियों के लिए दोनों राज्यों की सीमाएं विचरण के साथ ही शरण-स्थल भी है। महाराष्ट्र सरकार अभ्यारण को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के साथ ही वन्यजीवों के संरक्षण के लिय समुचित उपाय कर रही है।

#### इनका कहना है

सामान्यतया सभी प्रकार की अनुमतियां भारत सरकार और वन एवं पर्यावरण मंत्रालय जारी करता है। सड़क निर्माण के कार्यादेश में ही लगभग सभी अनुमति एक साथ मिलती है। वन्य प्राणी अभ्यारण सीमावर्ती महाराष्ट्र में है और वहां हाई वे का निर्माण हो चुका है।

**रमेश राठौर**, वन मंडलाधिकारी खरगोन

अभ्यारण के वन्यप्राणी संरक्षित वन्य क्षेत्रों के अलावा मध्यप्रदेश की सीमा में भी आते जाते हैं और उनका जनजीवन प्रभावित होने पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 और अन्य प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई होगी।

**शीतल नगराले**, रेंजर यावल अभ्यारण,पाल(महाराष्ट्र)

क्रशर मशीन की प्रदूषण बोर्ड सहित आवश्यक अनुमति की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद ही गिट्टी बनाने का कार्य शुरू करेंगे।

**एसबी सिंह**,प्रभारी,एम.एस खुराना इंजीनियरिंग लिमिटेड अहमदाबाद,केम्प दामखेड़ा (झिरन्या)

मोबाइल क्रशर अधिक भारी होने से उसे ट्रेलर से लोड और अनलोड करने में काफ़ी परेशानी आती है। नागपुर-मुंबई समृद्धी एक्सप्रेस वे-निर्माण में मैंने निकट से अनुभव किया है। यह कार्य स्थल पर रिमोट से भी संचालित होती है।

**पुनीत पंवार**, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, डेंस अर्थकॉन प्रा.लि.पुणे(महाराष्ट्र)

---

# तीन मंडलों में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक प्रशिक्षण दिया

#### भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ



**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय संगठन के आह्वान पर पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सीहोर जिले के श्यामपुर, इछावर एवं आष्टा ग्रामीण मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया।

जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर ने बताया कि सीहोर विधानसभा के श्यामपुर मंडल में रेड रोज स्कूल, इछावर विधानसभा के इछावर मंडल में सरस्वती शिशु मंदिर तथा आष्टा विधानसभा के आष्टा ग्रामीण मंडल में ग्राम भंवरा में प्रशिक्षण वर्ग शिविर आयोजित किए गए। इछावर मंडल के प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी विकास विरानी, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, विधायक प्रतिनिधि विष्णु वर्मा, मंडल अध्यक्ष पंकज नागर सहित विषय वक्ता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी प्रकार श्यामपुर मंडल के उद्घाटन सत्र में सीहोर विधायक सुदेश राय, मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर सहित विषय वक्ता उपस्थित रह। आष्टा ग्रामीण मंडल के ग्राम भंवरा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ अवसर पर आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, मंडल अध्यक्ष हरिओम पिंटू परमार सहित विषय वक्ताओं की उपस्थिति रही।

---

# संयुक्त मोर्च के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा



**सीहोर।** संयुक्त मोर्चे के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के निर्देश अनुसार शिक्षा अधिनियम के प्रावधान अनुसार कक्षा 1 से आठवीं तक के प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है यह गलत है, क्योंकि वर्ष 1998, 2001 और 2003 में जिन शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। वह उस समय की सेवा शर्तों के अनुरूप की गई थी उन पर यह प्रावधान लागू किया जाना ठीक नहीं है। इस पर मंत्री ने यह आश्वासन दिया कि जिन शिक्षकों को सेवा करते हुए 20 से 25 साल हो गए हैं। अब उनकी परीक्षा ली जाना ठीक नहीं है। इस संबंध में मैं मुख्यमंत्री जी से चर्चा करूंगा। प्रतिनिधि मंडल ने यह भी आग्रह किया मानवीय आधार पर अन्य प्रदेश सरकार की तरह मध्य प्रदेश सरकार भी पुनर्विचार याचिका दायर दायर करें। प्रतिनिधिमंडल में विश्वजीत त्यागी जिला अध्यक्ष राज्य शिक्षक संघ, संजय सक्सेना जिला अध्यक्ष प्रांतीय शिक्षक संघ, जागेश्वर भगत, अभिषेक भार्गव, मनोज दिसावरी, राजेश राठी आदि मौजूद रहे।